मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 18 सितम्बर 2020

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	19/09/20	20/09/20	21/09/20	22/09/20	23/09/20
वर्षा (मि.मी.)	2	6	1	1	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	37	37	37	38	38
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	26	26	26	26	26
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	5	6	4	2	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	66	64	57	56	51
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	37	41	36	31	27
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	17	14	17	20	17
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
		दलहनी फसलें जैसे मूंग, मोठ, चंवला की पकी फलियों की तुडाई करें।
तारामीरा		तारामीरा की बुवाई के लिए खाली खेत में 2–3 हैरो से जुताई कर खेत तैयार करे तथा आवश्यक आदानों की अग्रिम व्यवस्था करें। तारामीरा की आर.एम.टी–314 किस्म बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है तथा 2.5 ग्राम मैन्कोजेब से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
कपास		कपास की फसल में बालवर्म कीट का प्रकोप दिखाई दे तो कार्बेरिल 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण ढाई किलो प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करे इसके साथ 8 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन भी मिलाएं।
शीतकालीन टमाटर		टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा–120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड–1 पूसा हाइब्रिड–2 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 400–500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।
भेड़ व बकरी		भेड़ व बकरी को पी.पी.आर.,फड़किया व चेचक रोग के प्रति टीके लगवाएं।

(नौडल ऑफीसर)